सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 20 जुलाई, 2018

षोडश विधान सभा 20 जुलाई, 2018 ई0

------------------- शुक्रवार,तिथि ------------------------

दशम् सत्र 29 आषाढ़, 1940 (शक)

( कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय - 11.00 बजे पूर्वाह्न )

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया )

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, सोलहवीं बिहार कानूनसाज एसेम्बली के दसवीं इजलास के शुरूआत के मौके पर आप सभी माननीय सदस्यों का मैं तहेदिल से इस्तकबाल करता हूँ । इस इजलास में कुल 5 बैठकें मुकर्रर की गई है । इसमें माली साल 2018-19 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी एवं सरकारी बिलों की पेशी होगी । इसके अलावा गैर सरकारी संकल्प भी लिए जायेंगे ।

माननीय सदस्यगण, पार्लियामानी जम्हूरियत की एक बहुत बड़ी खूबी है कि इसमें एक ही निजाम के दो हिस्सों को आपस में मिलजुल कर काम करने का मौका मिलता है । सियासी शख्स अपने सौहार्द्र एवं तजुर्बो से इन्सानी एवं समाजी मसाएल से अच्छी तरह से वाकिफ रहते हैं । उनके ख्यालात और समाजी मसाएल अमन एवं तरक्कीपसन्द होते हैं और उनकी आम फितरत सद्भाव एवं मेल-जोल की होती है । समाजी मसायल को सुलझाने के सिलसिले में उनका नजरिया व्यापक और सकारात्मक हो जाता है । जनहित के मामले में उनका जिम्मेदाराना और भरोसेमंद नेतृत्व सूबे को तरक्की की राह पर ले चलता है ।

माननीय सदस्यगण, जम्हूरियत में सियासी प्रक्रिया सामाजिक एवं आर्थिक दुश्वारियों के दुरूह मार्ग से होकर गुजरती है । ऐसी स्थिति में मंजिल तक पहुंचने के लिए कानून बनाना, उसकी समीक्षा करना और उसे अमलीजामा पहनाया जाना आप मेम्बरान के ही सूझ-बूझ पर निर्भर करता है । बिहार के तरक्की को निशाना रखकर ही हम सभी इस असेम्बली में बहस-मुहासबा करते हैं ।

इस पसेमंजर में, मुझे पूरा यकीन है कि मौजूदा इजलास के दौरान सदन को कामयाबी से चलाने में आप सबका मुकम्मल सहयोग लगातार मिलता रहेगा ।

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-22(1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को षोडश बिहार विधान सभा के दशम् सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूँ :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हरिनारायण सिंह | - | स0वि0स0 |
| 2. | श्री मोहम्मद इलियास हुसैन | - | स0वि0स0 |
| 3. | श्री तार किशोर प्रसाद | - | स0वि0स0 |
| 4. | डॉ0 अशोक कुमार | - | स0वि0स0 |
| 5. | श्रीमती रंजू गीता | - | स0वि0स0 |

## समितियों का गठन

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-219(1) के अधीन मैं पोडश बिहार विधान सभा के दशम् सत्र के लिए कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूँ :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | बिहार विधान सभा | सभापति |
| 2. | श्री नीतीश कुमार | मुख्यमंत्री | सदस्य |
| 3. | श्री सुशील कुमार मोदी | उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| 4. | श्री श्रवण कुमार | मंत्री, संसदीय कार्य | सदस्य |
| 5. | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव | मंत्री, ऊर्जा | सदस्य |
| 6. | श्री प्रेम कुमार | मंत्री, कृषि | सदस्य |
| 7. | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव | नेता, विरोधी दल | सदस्य |
| 8. | श्री सदानन्द सिंह | स0वि0स0 | सदस्य |

## विशेष आमंत्रित सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी | - | स0वि0स0 |
| 2. | श्री महबूब आलम | - | स0वि0स0 |
| 3. | श्री सुधांशु शेखर | - | स0वि0स0 |
| 4. | श्री राजू तिवारी | - | स0वि0स0 |

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

## औपचारिक कार्य

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

सभा सचिव : महोदय, मैं बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित निम्नलिखित विधेयक की एक विवरणी पटल पर रखता हूँ जिस पर महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अधीन अनुमति प्रदान की गयी है और इसकी सूचना षोडश बिहार विधान सभा के नवम् सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई है :-

### महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार राज्य जल और वाहित मल बोर्ड(निरसन) विधेयक,2017 | 10.03.2018 |
| 2. | बिहार कृषिक एवं ग्रामीण क्षेत्र विकास एजेन्सी (निरसन) विधेयक, 2017 | 17.04.2018 |
| 3. | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2017 | 17.05.2018 |

### महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग विधेयक, 2018 | 14.03.2018 |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2018 | 28.03.2018 |
| 3. | बिहार विद्युत शुल्क विधेयक, 2018 | 20.04.2018 |
| 4. | बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग(संशोधन) विधेयक,2018 | 20.04.2018 |

## वित्तीय कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री सुशील कुमार मोदी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद-205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या-2) अधिनियम-2018 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावे वित्तीय वर्ष 2018-19 में जो खर्च होने की संभावना है उसके संबंध में मैं प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण उपस्थापित करता हूँ ।

## शोक प्रकाश

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है, जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है :-

## स्वर्गीय प्रेम प्रदीप

अध्यक्ष : लोक सभा के पूर्व सदस्य श्री प्रेम प्रदीप का निधन दिनांक 25 अप्रील, 2018 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 86 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय प्रदीप नवादा जिले के नवादा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1989 में लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे प्रखर साम्यवादी विचारधारा के नेता थे । वे दलितों, वंचितों एवं पिछड़ों के उत्थान हेतु सदैव तत्पर रहा करते थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय नील मोहन सिंह

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री नील मोहन सिंह का निधन दिनांक 26 अप्रील, 2018 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 79 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह बांका जिले के अमरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 एवं 1985 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे नेक दिल एवं मिलनसार व्यक्ति थे । वे सदैव अपने क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहा करते थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीग्य कामेश्वर पासवान

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा, राज्य सभा एवं लोक सभा के पूर्व सदस्य तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री कामेश्वर पासवान का निधन दिनांक 28 मई, 2018 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 77 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय पासवान पटना जिले के फतुहा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972 एवं 1977 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे वर्ष 1990 में राज्य सभा एवं वर्ष 1996 में नवादा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे लोकप्रिय, कर्मठ एवं जुझारू नेता थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

टर्न-2/शंभु/20.07.18

## स्व0 ललितेश्वर प्रसाद शाही

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा एवं लोक सभा के पूर्व सदस्य तथा बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार के पूर्व मंत्री श्री ललितेश्वर प्रसाद शाही का निधन दिनांक 09 जून, 2018 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 98 वर्ष की थी । स्व0 शाही वैशाली जिला के लालगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1952, 1957,

1980 में तथा वैशाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1967, 1969 एवं 1972 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे वर्ष 1984 में मुजफ्फरपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य भी निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार में मंत्री भी रहे थे । शिक्षा एवं शिक्षण के क्षेत्र में उनकी गहरी अभिरूचि थी । वे स्वतंत्रता सेनानियों की अंतिम कड़ी के राजनेता थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

## स्व0 बागुन सुम्बरूई

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा एवं लोक सभा के पूर्व सदस्य तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री बागुन सुम्बरूई का निधन दिनांक 22 जून, 2018 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 94 वर्ष की थी । स्व0 सुम्बरूई सिंहभूम जिला के चाईबासा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1967, 1969 एवं 1972 में बिहार विधान सभा के सदस्य तथा सिंहभूम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977, 1980, 1984 एवं 1989 में लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे प्रखर समाजवादी विचार के व्यक्ति थे एवं आदिवासियों के उत्थान एवं उन्नति के लिए सतत् प्रयत्नशील रहे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्व0 डा0 पद्माशा झा

अध्यक्ष : बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य एवं मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व उप कुलपति डा0 पद्माशा झा का निधन दिनांक 6 जुलाई, 2018 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 71 वर्ष की थी । स्व0 पद्माशा झा 1989 से 1995 तक बिहार विधान परिषद् के मनोनीत सदस्य रही थीं । वे मिथिला विश्वविद्यालय के उप कुलपति पद पर भी रही थीं । वे एक कवयित्री एवं लेखिका भी थीं । उन्हें राज्य सरकार के द्वारा साहित्य सेवा के लिए चाणक्य पुरस्कार भी प्रदान किया गया था । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्व0 ऋषिकेश तिवारी

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री ऋषिकेश तिवारी का निधन दिनांक 7 जुलाई, 2018 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 73 वर्ष की थी । स्व0 तिवारी बक्सर जिला के ब्रह्मपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972, 1980 एवं 1985 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

## स्व0 राजकुमार महासेठ

अध्यक्ष : बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री राजकुमार महासेठ का निधन दिनांक 14 जुलाई, 2018 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 86 वर्ष की थी । स्व0 महासेठ मधुबनी जिला के मधुबनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980, 1990 एवं 1995 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे वर्ष 1966 से 1978 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे। वे बिहार सकार में मंत्री भी रहे थे । समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान हेतु वे सदा प्रयत्नशील रहे । हम उनके निधन से दुखी हैं । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करें ।

(एक मिनट का मौन)

अध्यक्ष : कृपया बैठ जाएं । मैं अपनी तथा सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवारों के पास संदेश भेजवा दूँगा ।

अब सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 23 जुलाई, 2018 को 11 बजे पूर्वा0 तक के लिए स्थगित की जाती है ।